हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 20 अप्रैल 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 राहुल गांधी की नकारात्मक व देश विरोधी सोच से ही...

05 चार शुभ संयोगों के बीच मनेगा बजरंगबली...

खबर संक्षेप

विमोचन व चर्चा आज

सागर। रचनाकार हरिशंकर हरि की तीन कृतियों-गीतों का गुलदस्ता भाग-5, भजन मंजरी एवं भजन माला का विमोचन समारोह आज शाक्यवार समाज मांगलिक भवन में सायं 6 बजे किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त साहित्यानुरागियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

करुणा चौरसिया को रसायन शास्त्र में शोध उपाधि

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के रसायन शास्त्र विभाग की शोध छात्रा करुणा चौरसिया पिता मुकेश कुमार चौरसिया माता अनीता चौरसिया को शोध उपाधि प्राप्त हुई। उनका शोध कार्य "सिंथेसिस फिजिको केमिकल कैरेक्टराइजेशन एंड बायोलॉजिकल स्टडीज ऑफ सम न्यू थायोसेमीकरबाजाइड डेराईबड लिगैंडस एंड देयर श्री डी ट्रांजीशन मेटल- कॉम्प्लेक्स" विषय पर किया। करुणा चौरसिया ने अपना शोध कार्य डॉ. ऋतु यादव के पर्यवेक्षण में संपन्न किया। उनकी इस सफलता पर विभाग अध्यक्ष प्रो. ए.पी. मिश्रा एवं विभाग के सभी शिक्षक गणों साथ ही विद्यार्थियों द्वारा बधाई प्रेषित की ।

नगर पालिका परिषद मकरोनिया द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान जारी

सागर। नगर पालिका परिषद मकरोनिया द्वारा शासन निर्देशानुसार स्वीप प्रोग्राम अंतर्गत आज मकरोनिया बटालियन के पीटीएस ग्राउंड पर भारत का मानचित्र बनाकर कैंडल जलाकर मोबाइल की फ्लैशलाइट ऑन कर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया तथा अभियान के द्वारा लोगो को मतदान की शपथ दिलाकर 7 मई को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ आमजन उपस्थित रहे।

मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल होगा

सागर। लोकसभा का चुनाव कराने नियुक्त मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल (दिखावटी मतदान) कराना होगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मॉक पोल में कम से कम 50 मतों का होना चाहिए और इसे उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में कराना चाहिए। पीठासीन अधिकारी को मॉक पोल के परिणामों से मतदान अभिकर्ताओं को अवगत कराना होगा । निर्वाचन आयोग के मुताबिक पीठासीन अधिकारी मतदान प्रारंभ होने के डेढ़ घंटे पूर्व मॉक पोल (दिखावटी मतदान) करायेंगे। मॉक पोल प्रारम्भ करते समय कम से कम दो अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित रहना चाहिये । यदि मॉक पोल के समय कोई भी मतदान अभिकर्त्ता उपस्थित न हो, ऐसी स्थिति में पीठासीन अधिकारी अधिक से अधिक 15 मिनट मॉक पोल शुरू करने के लिये प्रतीक्षा कर सकता है, और यदि तब भी कोई मतदान अभिकर्त्ता नहीं आते हैं तो पीठासीन अधिकारी मॉक पोल शुरू कर सकते हैं ।

उम्मीदवार चुनावी खर्च का हिसाब आयोग के निर्देशानुसार रखें

सागर। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का हिसाब भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रखे जाने के लिए कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे स्वयं या अपने चुनाव एजेंट के पास चुनाव का खर्च रखें। यह खर्च उम्मीदवार के नाम-निर्देशन दाखिल करने की तारीख से चुनाव परिणाम की तारीख को शामिल करते हुए रखा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए तय की है।

विश्वविद्यालय के पुरातत्त्व संग्रहालय में विश्व विरासत दिवस मनाया गया

ऐतिहासिक स्थल एरण विश्व विरासत सूची में शामिल होने की योग्यता रखता है: प्रो. नागेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

'विश्व विरासत दिवस' के अवसर पर प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग के संग्रहालय में विश्व विरासत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. नागेश दुबे ने विश्व विरासत दिवस की महत्ता को बताया साथ ही कहा कि संग्रहालय में संरक्षित एरण से प्राप्त गुप्तकालीन नृवराह, नृसिंह, गजलक्ष्मी एवं हनुमान की महत्वपूर्ण प्रतिमाओं के साथ-साथ अनेक महत्वपूर्ण पुरानिधियाँ विद्यमान हैं, जो एरण की सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत करती हैं।

प्रो. नागेश दुबे ने कहा कि सागर जिले में स्थित ऐतिहासिक दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण स्थल एरण को विश्व विरासतों की सूची में सम्मिलित किया जाये। ऐतिहासिक स्थल एरण विश्व विरासत सूची में

शामिल होने की योग्यता रखता है। एरण में नवपाषाण काल से लेकर पूर्वमध्यकाल तक के पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध हैं। गुप्तकाल में एरण का महत्व सबसे अधिक रहा है। वर्तमान में एरण पुरास्थल पर गुप्तकाल में निर्मित विष्णु मंदिर, महावराह की प्रचंड प्रतिमा, महाविष्णु मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठित महाविष्णु की विशाल प्रतिमा, नृसिंह प्रतिमा, कृष्णलीला से संबंधित शिला फलक, 47 फुट ऊंचा गरूड़ ध्वज स्तम्भ, भारत में सबसे प्राचीन अभिलिखित सती स्तम्भ (शिवलिंग) दृष्टव्य हैं। एरण को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना अत्यावश्यक है।

प्रो. दुबे ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि हमें हमारे बुन्देलखण्ड की प्राचीन धरोहरों के प्रति जनसामान्य में जागरुकता फैलाने की आवश्यकता है। जिससे हम बुन्देलखण्ड की गौरवपूर्ण विरासतों को सहेज कर रख सकें। जिनसे भावी पीढ़ियां भी लाभान्वित हो सकें। इतिहास एवं पुरातत्त्व के क्षेत्र में कार्य कर रहे शोधार्थियों के द्वारा सामान्य जन में जागरुकता को फैलाने के लिए विशेष कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना अत्यावश्यक है।

इस अवसर पर विभागीय शिक्षकगण डॉ. सुरेन्द्र कुमार यादव, अतिथि शिक्षकगण डॉ. मशकूर अहमद कादरी, डॉ. शिवकुमार पारोचे, शोध छात्रा/छात्र कु. यामिनी योगी, संजय आठिया, भरत यादव एवं सोहनलाल मोदनवाल के साथ-साथ विभागीय छात्र-छात्राऐं रमन, शंकर सिंह, आदर्श यादव, बसंत चढ़ार, हेमन्त पवार, निहारिका ठाकुर, मल्लिका मण्डल, प्रतिष्ठा लोधी, अदिति जाट, पूर्वा साहू तथा कर्मचारी गण मो. आदिल खान, हाशिम खान, मोहन राय एवं राजेन्द्र रजक आदि उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश के सागर जिले के खुरई देहात थाना अंतर्गत ग्राम सिलोधा के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनो युवक एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने गांव बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार हरिओम पिता सुरेंद्र तोमर 22 वर्ष, चंद्र कुमार पिता सुरेश कुमार जैन 21 वर्ष निवासी गड़ौला जागीर तथा पवन पिता चैन सिंह घोषी उम्र 25 वर्ष निवासी पाली बाइक क्रमांक एमपी 15 एनएफ 6021 से एक विवाह समारोह में शामिल होने गुरुवार की रात खुरई गए थे। वहां से तीनों युवक देर रात वापस अपने गांव गडौला जागीर वापस लौट रहे थे। रास्ते में ग्राम सिलौधा के पास अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मार दी। हादसे में चंद्र कुमार जैन और पवन घोषी की मौके ही मौत हो गई। तीसरा युवक हरिओम तोमर गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए रात्रि में उसे खुरई के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। देहात थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया है। थाना प्रभारी धनेंद्र यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है। हादसा किस वाहन की टक्कर से हुआ है, हम इसका पता लगा रहे हैं।

माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण आज

सागर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की डयूटी माइको ऑब्जर्वर के रूप में लगाई गई है। उन माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण आज सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में होगा।

आदर्श प्रेम मंदिर में हुई मूर्ति स्थापना, राधे-राधे मंडल के भजनों का हुआ आयोजन

सागर। भोपाल रोड स्थित आदर्श रेसीडेंसी कॉलोनी में नव निर्मित आदर्श प्रेम मंदिर में भगवान राधा कृष्ण शिव दरबार, श्री राम दरबार, श्री गणेश जी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विधि विधान से संपन्न हुआ। जिसमे प्रधान आचार्य पंडित जयराम प्रसाद तिवारी, पंडित अभिषेक शर्मा, अमित शर्मा, पंडित राजेंद्र भारद्वाज, पंडित मनोज तिवारी के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान मनोज जैन, दीप्ति जैन, आनंद जैन, राजश्री जैन, दिव्य, भव्य जैन, सुनील निधि जैन, परिवार प्रमुख जवाहरलाल जैन, उर्मिला जैन, सरोज रानी जैन, विनय, संध्या डेंगरे, संजय डेंगरे, राजेश मनवानी, संजीव कठल, अनिमेष रिचा शाह, मनीष रुचि गुप्ता, सुनील सारिका डेंगरे, नीरज जैन सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी वासी उपस्थित थे। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया, रंगबिरंगी विद्युत साजसज्जा की गई। सभी देवी देवताओं की अद्भुत प्रतिमा के दर्शनों के लिए सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर परिसर में राधे राधे मंडल द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति जो देर रात्रि तक चलती रही जिसमे राधिका गोरी से, मेरे छोटो सो मदन गोपाल जैसे सुमधुर भजनो से रंगीन होती शाम में सभी श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया । अंत में भक्तों ने भगवान के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की।

पक्षकारों की सुविधा के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय में ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ

सागर। मप्र उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम.के.शर्मा द्वारा पक्षकारों की सुविधा हेतु जिला एवं सत्र न्यायालय सागर में ई-सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग द्वारा पक्षकारों को प्रकरणों के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करने हेतु ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया है। ई-सेवा केन्द्रों द्वारा पक्षकारों को प्रकरण की स्थिति, सुनवाई की अगली तारीख, जेल में बंद रिश्तेदारों से ई-मुलाकात की सुविधा, न्यायालय परिसर में संबंधित न्यायालय का स्थान, वाद सूची, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न जनहितार्थ योजनाओं की जानकारी, पक्षकारों के प्रकरण की सुनवाई वीडियो-कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से किये जाने संबंधी प्रक्रिया, न्यायिक आदेशों तथा निर्णयों की सॉफ्ट कॉपी प्राप्त की जा सकेगी। साथ ही वर्चुअल कोर्ट में यातायात संबंधी चालान के निराकरण के संबंध में तकनीकी सुविधा प्रदान कर यातायात चालान व अन्य छोटे अपराधों का ऑनलाईन भुगतानों के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी।

मप्र राज्य वाटर स्पोर्टस रोइंग अकादमी हेतु चयन ट्रायल खेल परिसर में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित राज्य वाटर स्पोर्टस रोइंग अकादमी के लिये प्रतिभा चयन कार्यक्रम के प्रथम चरण का आयोजन आज खेल और युवा कल्याण विभाग खेल परिसर में प्रातः 9 बजे से किया गया। जिले के 112 खिलाड़ियो ने वाटर स्पोर्टस की रोइंग खेल विधा की चयन प्रकिया में भाग लिया है। चयन प्रक्रिया के लिए शासन वाटर स्पोर्टस अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक दलबीर सिंह एवं उनके साथ आये विशेषज्ञ द्वारा खिलाड़ीयों के प्रथम चरण में शारीरिक मापदण्ड एवं फिजिकल टेलेन्ट के आधार पर अगले चरण हेतु 15 बालिका एवं 06 बालक कुल 21 खिलाड़ियो का चयन भोपाल मे होने वाले द्वितिय चरण के लिये किया गया।

खिलाडियो को 29 अप्रैल को प्रातः 6 बजे खेल और युवा कल्याण

विभाग द्वारा संचालित वाट्र स्पोर्ट सेन्टर बड़ा तलाब भोपाल में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर वीनू राणा अध्यक्ष जिला केनोइंग क्याकिंग संघ सागर, प्रदीप अबिद्रा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, प्रेमनीति राय, मंगल सिंह यादव, संगीता सिंह भदौरिया, सीमा चकवर्ती, श्यामपाल, उमेशचंद मौर्य, अंजली सिंह ठाकुर, बसीम राजा खॉन (समन्वयक) नफीस खॉन, रामबाबू विश्वकर्मा, मिथलेश यादव, विवेक सेन, बद्री सेन उपस्थित रहें। प्रथम चरण में चयनित खिलाड़ियों की सूची

बालिका वर्ग - कु. प्रगति शर्मा, कु. हर्षिता सोनी, गुनगुन विश्वकर्मा, नौसवा खॉन, सलोनी शर्मा, भक्ति तिवारी, प्रियांशी पटैल, पूजा सेन, प्रीति, अर्पणा सेन, जिज्ञासा पटैल, इल्मा खॉन, निकिता पटैल, जानवी मरावी, पूजा पटैल

बालक वर्ग - मृदुल दुबे, राम यादव, दीपेश प्रसाद, तनिश पटैल, ओम, श्याम यादव हैं।

सागर लोकसभा चुनाव के लिए पांचवें दिन नौ अभ्यर्थियों ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

अब तक कुल 22 नाम निर्देशन पत्र जमा, आज होगी स्क्रूटनी, सोमवार को नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत सागर संसदीय क्षेत्र-05 में आज पांचवे एवं अंतिम दिन नौ नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के समक्ष जमा किए गए हैं।

पांचवे एवं अंतिम दिन इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से चंद्रभूषण सिंह बुंदेला ने तीन नाम निर्देशन पत्र जमा किए जबकि निर्दलीए प्रत्याशी के रूप में धर्मेंद्र भनपुरिया, भीकम सिंह, सुश्री लक्ष्मीबाई, संग्राम सिंह, राजकुमार, मोहम्मद आरिफ मकरानी ने अपने नाम निर्देशन पत्र जमा किए।इसके पहले तेरह नाम निर्देशन पत्र जमा किए जा चुके हैं। इस प्रकार अब तक कुल 22 नाम निर्देशन पत्र जमा हो चुके हैं। शनिवार को नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी जबकि सोमवार 22 अप्रैल को नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

शुक्रवार को नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीमती अंजलि सहरावत भी मौजूद रहीं।

मतदाता परिचय-पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

सागर। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, पता, निर्वाचक नामावली में क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

व्यय प्रेक्षक ने अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पीरघाट का किया निरीक्षण

सागर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त सागर संसदीय क्षेत्र 5 के लिए व्यय प्रेक्षक मधुर अग्रवाल के द्वारा अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट पीरघाट 35 बीना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार हेमराज मेहर उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक मधुर अग्रवाल ने चेक पोस्ट पर निर्देश दिए कि सभी वाहनों की जांच करें। उन्होंने कहा कि सभी वाहनों के नंबर भी अंकित करें।

कचरा खुद बोलेगा कि मैं किसका हूं अभियान, अधिकारियों, कर्मचारियों को दिए निर्देश

नगर की सफाई व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाए: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम सीमा अंतर्गत वार्डो में कुछ परिवार एवं दुकानदार ऐसे हैं जो कि अपनी दुकान व घर से निकलने वाला कचरे को कचरा गाड़ी में न देकर खुले स्थानों पर फेंकते हैं जिससे नगर की स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ऐसे लोगों को चिन्हित करने के उद्देश्य से कचरा खुद बोलेगा मैं किसका हूँ , स्वच्छता अभियान क्रियान्वित किया जा रहा है इस अभियान के तहत समस्त वार्डों के सफाई दरोगाओं को विभिन्न बिंदुओं के आधार पर खुले में कचरा फेंकने वालों को चिन्हित करने और उन पर कार्रवाई करने के संबंध में निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित जोन प्रभारियों और वार्ड दरोगाओं की बैठक लेकर निर्देश दिए कि नगर की स्वच्छता से कोई समझौता नहीं किया जाए, इसलिए जो व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर कचरा, मलमा फेंकते हैं उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जाए।

बैठक में उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छता के प्रति लोगों का अच्छा रवैया है, इसके साथ ही खुले में फेंके गये रैपर, पैकेज मटेरियल आदि पर अंकित नाम एवं पते से कचरा फेंकने वालों की पहचान करें, वार्ड में स्थापित विभिन्न प्रकार के कैमरो द्वारा कचरा फेंकने वालों की जानकारी प्राप्त करें ।

रोको-टोको समझाईश अभियान के दौरान नागरिकों द्वारा वार्ड में खुले में कचरा फेंकने वालों की शिकायत की जाने पर ऐसे लोगों को चिन्हित करें। वार्ड, बाजार के ऐसे घरों, दुकानों को चिन्हित करें जिनके द्वारा कचरा गाड़ी में कचरा नहीं दिया जाता है, खुले प्लाटों पर जो व्यक्ति कचरा-मलमा की सफाई नहीं कर रहे हैं या सार्वजनिक स्थानों पर टूटे हुऐ मकान का मलमा नहीं उठा रहे हैं तो ऐसे लोगों की चालानी कार्रवाई की जाए और वार्डों में जिन निर्माण एजेंसियों का सीएनडी वेस्ट मलमा पड़ा है उसकी सूची बनाकर वार्ड दरोगा निगम में प्रस्तुत करें।उन्होंने निर्देश दिए की वार्डो में सफाई के साथ नालियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता से कराया जाए, वार्डों में बने सार्वजनिक शौचालयों की लगातार मॉनिटरिंग की जाए, सेकेंडरी कचरा पॉइंट वही बनाया जाए जहां कचरा गाड़ी नहीं जा पाती है।

शादी समारोह के पश्चात रोड पर कचरा फेंकने पर हुआ चालान

संत कंवर राम वार्ड में शादी समारोह कार्यक्रम के पश्चात रोड पर डिस्पोजल और अन्य खाद्य सामग्री फेंकने पर जोन प्रभारी द्वारा प्रदीप नागवानी पर 1100 रूपये का चालान किया गया, वहीं मोतीनगर वार्ड में सड़क पर कचरा फेंकने पर संजय जैन नामक व्यक्ति पर भी चालानी कार्रवाई की गई ।

मतदान जागरूकता के लिए बनाई रंगोली

सागर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशन पर एवं जिला पंचायत सीईओ एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. संजीव दुबे प्राचार्य की अध्यक्षता में शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में चुनाव का पर्व देश का गर्व विषय पर रंगोली बनाई गई। मुख्य अतिथि पीसी शर्मा ने बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा निर्वाचन की तरह 75 प्रतिशत से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को मतदान की प्रेरणा के लिए स्वीप के अंतर्गत यह कार्यक्रम चलाये जा रहे है।डॉ. अमर कुमार जैन सहायक नोडल अधिकारी ने कहा कि महाविद्यालय के युवा मतदाता परिसर दूत बनकर मतदाता जागरूकता के कार्य कर रहें हैं। चुनाव का पर्व देश का गर्व विषय पर रंगोली कला भवन संचालिका, स्वाति हलवे ने अपने संस्था के विद्यार्थियों काजल दिवाकर, अंशिका गुप्ता, ओम कोरी, संस्कृति जैन एवं आयुषि जैन तथा प्रवीण पाण्डेय के सहयोग से बनाई गई। कलाकारों ने इसमें 22 किलो रंगोली का प्रयोग करके तीन घंटे में ये रंगोली बनाई है। कार्यक्रम की समापन पर उपस्थित महाविद्यालय एवं प्रशिक्षण लेने वाले सभी प्रशिक्षणर्थियों ने बाएं हाथ की उंगली को प्रतीकात्मक बनाकर मतदान करने की अपील की।

सागर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 24 अप्रैल को सागर दौरे में प्रस्तावित सभास्थल का निरीक्षण बुंदेलखंड लोकसभा क्लस्टर प्रभारी पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, ग्वालियर चंबल क्लस्टर प्रभारी पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, विधायक शैलेंद्र जैन, विधायक प्रदीप लारिया ने किया।

लेखन से किया जा रहा वोटरों को जागरूक

टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदेशानुसार एवं नोडल अधिकारी स्वीप जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के कार्य किए जा रहे है।
इसीक्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा टीकमगढ़ जिले में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला मुख्यालय एवं जनपद मुख्यालयों के प्रमुख स्थानों पर दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया है।

लगातार पड़ रहे लग्न मुहूर्तों के चलते सड़कों पर बन रहे जाम के हालात, भारी वाहन बने परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर में गुरुवार रात झांसी हाईवे रोड पर लंबा जाम लगा रहा। सैकड़ों की संख्या में वाहन जाम में फंसे रहे। तीन अलग-अलग स्थान पर जाम लगने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रात 9 बजे से लेकर रात को 11 बजे तक जाम की स्थिति देखी गई।

आपको बतादें कि अब शादियों का सीजन शुरू हो गया है और अभी लगातार शाद मूहुर्त है जिसके कारण आयोजनों की बाढ़ सी आ गई है। जिससे अस्पताल चौराहे से लेकर कलेक्ट्रेट और झांसी हाईवे पर जाम के हालात निर्मित हो रही है। जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए दो माह पहले रात 10 बजे तक नगर में हैवी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी। इस व्यवस्था के चलते कुछ दिन तो यह व्यवस्था ठीक ठाक रही पर पिछले कुछ दिनों से नगर में आयोजनों के समय में हैवी वाहनों का प्रवेश शुरू हो गया है। इसके चलते बार-बार जाम लगने लगने की स्थिति निर्मित हो रही है। गुरुवार रात शहर में कई शादी समारोह के आयोजन थे। चकरा तिराहा से लेकर कारी तिराहा के आगे तक करीब एक दर्जन से ज्यादा शादी हाल बने हैं।

गुरुवार को लगभग सभी विवाह घर बुक थे जिसमें शादियों के समारोह के आयोजन संपादित किए जा रहे थे। जिसके चलते झांसी रोड पर यातायात का दबाव ज्यादा रहा। ऐसे हालात में हैवी वाहनों के प्रवेश करने से यह स्थिति और भी बिगड़ गई। रात 8:30 से लेकर 11 बजे तक व सुबह के 3 बजे से 4 बजे तक इन स्थान पर जाम लगा रहा।

झांसी रोड़ पर है दो नामी होटल

नगर के झांसी रोड पर नगर से करीब 2 से 5 किमी के अंदर दो नामी होटल खुले हुए है जिनमें बड़े प्रोग्राम किए जाते है गुरूवार 18 तारीख को शादी मूहुर्त ज्यादा होने से लोगबाग भी काफी जल्दी में रहे जिसके कारण इन होटलों में लोगों को काफी जल्दबाजी रही । जिससे इन के पास अच्छा खासा और लंबा जाम लगा रहा। इसके अलावा चकरा तिराहा से लेकर अस्पताल चौराहे तक वाहनों की लंबी कतार लगी रही। यातायात पुलिस की ओर से पहले से वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए। जबकि इनके द्वारा पार्किंग से लेकर वहां पदस्थ कर्मचारियों तक पर खर्च होने वाले रुपए भी बुंकिग करने वाले व्यक्ति से चार्ज किए जाते हैं।

पुलिस ने मौके पर पहुंच खुलवाया जाम : जब काफी लंबा जाम लग गया तब पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और जाम हटाया जा सका। इस दौरान करीब 2 घंटे तक लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नहीं किए जा रहे माकूल इंतजाम :

इसके पहले भी कलेक्टरेट रोड पर शादियों के सीजन में जाम लगता रहा है। बावजूद इसके यातायात पुलिस की ओर से जाम के हालात से निपटने के लिए पहले से कोई इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं।

लगभग 27 हजार की अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब के विक्रय, परिवहन करने वालों पर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना बड़ागाँव पुलिस ने 18 अप्रैल 24 को मुखबिर की सूचना पर से अंतौरा तिराहा पर अवैध शराब बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर आरोपी चतुर्भुज राय पुत्र सुद्धू राय 37 वर्ष निवासी अंतौरा के कब्जे से 335 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा के कीमती 26 हजार 800 सौ रूपये की शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बड़ागांव उप निरीक्षक नीतू खटीक, उप निरीक्षक एनएल कोल, सहायक उप निरीक्षक राहत खान, प्रधान आरक्षक फूलचंद तिवारी, आरक्षक राघवेन्द्र लोधी, अभिषेक यादव, मनोज दूबे, शुभम कौशिक, अभय प्यासी, नितिन दुबे, महेन्द्र ठाकुर, राजवीर सिंह शामिल रहे।

गांव-गांव और शहर-शहर-घर में एक ही नारा है, 26 अप्रैल को वोट डालने जाना है

टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के निर्देशानुसार स्थानीय नगर पालिका द्वारा शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान शहर के प्रमुख वार्डो में चलाया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भोपाल से आई छह सदस्यीय टीम द्वारा कठपुतली मंचन के माध्यम मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

इस टीम का संचालन करने वाले दिलीप मासूम ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को नगर पालिका के निर्देशानुसार शहर के वार्ड क्रमांक 3, 4 एवं 5 के अलावा कटरा बाजार, लुकमान चौराहा, मजदूर चौराहा, मिश्रा चौराहा, गांधी चौराहा, अस्पताल चौराहा सहित अन्य स्थानों पर उनकी टीम ने कठपुतली का स्वांग दिखाकर लोगों में मतदान करने की अलख जगाई। टीम के सभी सदस्यों ने नगर में जगह-जगह चल पड़ी एक लहर गांव-गांव और शहर-शहर, घर में एक ही नारा है 26 अप्रैल को वोट डालने जाना है, के गीत का गायन करते हुए लोगों को अधिक से अधिक तादात में मतदान करने के लिए जागरूक किया।

इस दौरान शहर के लोगों ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसका लुत्फ उठाया।

कठपुतली के मंचन के माध्यम से किया लोगों को जागरूक

कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हारने वाली है: सीएम

राहुल गांधी की नकारात्मक व देश विरोधी सोच से ही होगा कांग्रेस पार्टी का अंत: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

प्रदेश के मुखिया प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार के दिन ने नगर में लोकसभा प्रत्याशी डॉ. वीरेन्द्र कुमार के समर्थन में आए और उन्होंन यहां एक भव्य रोड शो किया।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बारे में भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी व प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर पहुंचे, जहां से वह गांधी चौराहा आए, जहां पर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई, वहीं उनके द्वारा गांधी चौराहे से भाजपा प्रत्याशी डॉ वीरेंद्र कुमार के समर्थन में भाजपा के रथ में सवार होकर शहर के प्रमुख चौराहा स्टेट बैंक, सुभाष बुक डिपो चौराहा, छोटी देवी मंदिर, बाजार होते हुए सिंधी धर्मशाला तक रोड शो किया गया। जिसमें जगह-जगह लोगों, समितियों,संस्थाओं व सभी धर्म वर्ग के लोगों ने उनका पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भाजपा के रथ में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ वीरेंद्र कुमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री व जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अनिल जैन, विवेक चतुर्वेदी, राकेश गिरी गोस्वामी, शिशुपाल यादव, राहुल लोधी व अश्विनी चढार साथ रहे।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने सभी जनता जनार्दन, प्रदेश पदाधिकारी, मंत्रियों, विधायकों, जिला पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का भव्य रोड शो के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह हारने वाली है और भाजपा सरकार 29 में से 29 जीत रही है, कांग्रेस पार्टी में खलबली मची हुई है जहां एक ओर राहुल गांधी की नकारात्मक सोच, देश विरोधी सोच ही कांग्रेस पार्टी का अंत बन चुकी है।

मोतीचूर नदी में हुआ महाकाली का विसर्जन...

बीना। चैत्र नवरात्र में गुप्ता गार्डन में विराजमान मां महाकाली की प्रतिमा का गुरूवार को शोभायात्रा निकाल कर मोतीचूर नदी में विराजमान किया गया।

सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग अवश्य करें: बरेठिया

बीना। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए देश में लोकतंत्र की भावना को मजबूत करने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार एवं एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में पीजी कॉलेज में स्वीप प्लान के अंतर्गत गतिविधियां आयोजित की गई। प्राचार्य डॉक्टर रेखा बरेठिया ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग अवश्य करें तथा अन्य मतदाताओं को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। अतः लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी मतदाता देश के राष्ट्रीय पर्व में अपना योगदान दें। चुनावी पाठशाला के अंतर्गत डॉक्टर एके जैन द्वारा विद्यार्थियों को मतदान की महत्ता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा स्टाफ एवं विद्यार्थियों के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर एमएल सोनी ने किया एवं आभार प्रो आरएस तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मोहम्मद रफीक शेख , डॉक्टर नीलम सिंह, उमेश यादव, गौरव नैलवाल, डॉक्टर चेतना शर्मा, एसके पंथी, डॉक्टर क्रांति मिश्रा, श्रद्धा पटेल, डॉक्टर गजेंद्र पाठक, डॉक्टर आनंद गुप्ता, जितेंद्र खांडेराव, प्रदीप चौधरी सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

बीना। विधानसभा के खिमलासा मंडल में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक महेश राय, पूर्व जिला महामंत्री संजय बापट सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। भाजपा कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। चुनाव कार्यालय उद्घाटन के पश्चात लोकसभा कि भाजपा प्रत्याशी लता गुड्डू वानखेड़े के समर्थन में खिमलासा, करमपुर, पथरिया जेगन, तेवरा, तलापार ग्रामों में पहुंचकर मतदाताओं से घर घर जाकर लोगों से चर्चा की। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी सुखदेव मिश्रा, बीना विधानसभा संयोजक मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष वित्तर सिंह राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष खूबसिंह कुशवाहा, दादे महाराज, विलासराव देवस्कर,अतुल मोघे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

विद्युलनगर में बे-ढंगे ब्रेकर ने ले ली एक महिला की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

विद्युल नगर निवासी एक महिला पति के साथ बाइक पर बैठकर घर से अस्पताल लाते समय बिठ्ठल नगर की मुख्य सड़क पर बे-ढंगे ब्रेकर के कारण गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

बिठ्ठल नगर निवासी अरविंद श्रीवास्तव अपनी पत्नी सुषमा श्रीवास्तव को रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे। 61 वर्षीय सुषमा बाइक पर पीछे बैठीं थीं। तभी कॉलोनी की मुख्य सड़क पर बनाए गए बे-ढंगे ब्रेकर पर बाइक उचक गई और वह अनियंत्रित होकर गिर गईं। जिससे उनकी मौत हो गई। पति अरिवंद श्रीवास्तव नादौर गांव के किसान हैं। उनकी दोनों बेटियां मुंबई में रहती हैं। घटना के बाद सुषमा को लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मुंबई-कटिहार-मुंबई के बीच चलेगी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

बीना। ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे के द्वारा ट्रेन नंबर 09189/09190 मुंबई सेंट्रल - कटिहार- मुंबई सेंट्रल के मध्य साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 11-11 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह यह ट्रेन भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रति शनिवार को मुंबई स्टेशन से 10.30 बजे प्रस्थान अगले दिन रविवार को 3 बजे संत हिरदाराम नगर, 4.08 बजे विदिशा, 5.53 बजे बीना स्टेशन और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए अगले दिन सोमवार को 7.30 बजे कटिहार स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 09190 कटिहार- मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 23 अप्रैल से 2 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार को कटिहार स्टेशन से 00.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन बुधवार को 1.30 बजे बीना, 2.38 बजे विदिशा, 3.50 बजे संत हिरदाराम नगर और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 18.40 बजे मुंबई सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। गणेश स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन-रास्ते में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, बड़ोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, विरांगना लक्ष्मी बाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा, मानिकपुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया, सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खंगारिया और नौगछिया स्टेशनों पर रुकेगी।

दो मौतों के बाद जागा प्रशासन: मां वैष्णो वेयर हाउस पर तुलाई की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कस्बा बागरोद

15 अप्रैल को बागरोद चौराह स्थित संस्कार वेयर हाउस के बाहर दो सगे भाईयों की हादसे में मौत हो गई थी। हादसे के बाद प्रशासन की नींद खुली और अब मां वैष्णों वेयर हाउस पर भी तुलाई की मंजूरी दे दी गई है। संस्कार वेयर हाउस हाईवे पर होने के कारण यहां हादसे होते हैं।

प्रशासन पहले ही इस बात का ध्यान रखता तो दो जानें बच जातीं। हादसे के बाद किसानों ने चक्काजाम कर दूसरे वेयर हाउस पर तुलाई की मांग की थी। जिस पर एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया था की किसानों की बात को कलेक्टर तक पहुंचाया जाएगा। अब दूसरे वेयर हाउस पर भी तुलाई शुरू हो गई है। इससे पहले सिर्फ एक ही वेयर हाउस संस्कार वेयर हाउस पर मूंग और सरसों की तुलाई की जा रही थी जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे थे और हाईवे किनारे किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लाइन लग जाती थी। इसी के कारण हादसा हुआ था। जिसमें दो सगे भाईयों की मौत हुई।

28 तारीख को दोनों भाईयों की बहन की शादी होने के कारण वह उपज बेचने आए थे ताकि बहन की शादी के लिए पैसे एकत्रित कर सकें। हाइसे के बाद किसानों में भारी आक्रोश था। यदि प्रशासन पहले ही इस बात का ध्यान रखता तो यह हादसा होने से बच जाता और दो मासूमों को अपनी जान नहीं गंवाना पड़ती।

पिछले साल भी हुई मौत

संस्कार वेयर हाउस नेशनल हाईवे पर बना हुआ है जिसपर बहुत तेज गति से वाहन निकलते है रात के समय मे वाहनों की रोशनी मे हादसे हो जाते है पिछले साल भी एक किसान तेज रफ्तार वाहन की चपेट मे आ गया था जिसकी मृत्यु हो गयी थी। उस समय भी प्रशासन से मांग की गयी थी की हाईवे के किनारे वाले वेयर हाउसों पर तुलाई न कराई जाए आए दिन घटनाएं होती है लेकिन प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया था।

चेक पोस्ट पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं

विदिशा। संसदीय क्षेत्र सागर के व्यय प्रेक्षक मधुर अग्रवाल ने गुरुवार को विदिशा जिले के अंतर्गत आने वाली शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के चेकपोस्टो का औचक निरीक्षण किया। प्रेक्षक अग्रवाल ने यहां एसएसटी के द्वारा संपादित किए जा रहे कार्य तथा उनके द्वारा संधारित पंजियों में दर्ज की जाने वाली जानकारियों का बारीकी से अवलोकन ही नहीं किया बल्कि दल के सदस्यों से संवाद कर प्रक्रिया को जाना है।व्यय प्रेक्षक श्री मधुर अग्रवाल ने गुरूवार को नहरयाई के एफएसटी चेक पोस्ट में अचानक पहुंचकर कार्यो का जायजा लिया है इसके पश्चात उन्होंने शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में व्यय निगरानी की व्यवस्था की समीक्षा शमशाबाद के सर्किट हाउस में की है।

जिले भर की 4934 बंदूकें जमा कराईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा। 229 विवादग्रस्त व्यक्तियों को किया केंप लगाकर बाउंड ओव्हर किया।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में 15 एसएसटी के प्वाइंट बनाए गए हैं जिन पर चैकिंग कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त 15 फ्लाईंग स्क्वाट, पुलिस अधिकारी एव मजिस्ट्रेट के साथ सर्किय रहकर निर्वाचन गतिविधियों को संचालित कर रहे हैं।

एसपी दीपक शुक्ला के अनुसार जिले में 4934 शस्त्र लाइसेंसियों के शस्त्र जमा करा लिए गए हैं। अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कर्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में जब्त की गई है। गुरुवार तक कुल 1881 लीटर शराब जब्त की जा चुकी है। वहीं कुल फरार गिरफ्तार आरोपियों में 615 गिरफ्तारी वारंटियों को एवं 155 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। 2165 प्रकरणों में 3083 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरणों न्यायालय प्रस्तुत किए गए हैं। जिनमें से 1621 प्रकरणों में 2525 अनावेदकों को बांउड ओवर किया गया है। अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध 619 प्रकरणों में 290 अनावेदकों को बाउंड ओवर करा दिया गया है। शेष की कार्रवाई जारी है। इसी प्रकार 151 अंतर्गत 86 प्रकरणों मं 124 लोग गिरफ्तारी किए जा चुके हैं। 109 आदतन अपराधियों के जिलाबदर प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिनमें कार्यवाही जारी है इसके अतिरिक्त पूर्व से जिलाबदर अंतर्गत 76 अनावेदकों के विरूद्ध पूर्व में जिलाधीश महोदय द्वारा किये गये आदेश लगातार प्रचलन में है। इस प्रकारण कुल 185 अनावेदक जिलाबदर कार्रवाई के अंतर्गत लिये गये हैं। वर्तमान में 2 अनावेदक रासुका की कार्रवाई की।

अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 10.50 किलो मादक पादर्थ की जप्ती की गई है। जिसमें स्मैक, ब्राउन शुगर, गांजा आदि सम्मिलित हैं। निर्वाचन को देखते हुए कार्रवाई लगातार जारी है।

रावत समर्थक बोले रहे जहां बॉस वहां हम, सिंधिया समर्थक नराज

रामनिवास ने हटाया डीपी से कांग्रेस का चुनावी चिन्ह, बीजेपी में जाने की अटकलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर के कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत के भाजपा में शामिल होने की अटकलें अचानक उस समय तेज हो गई जब रामनिवास ने अपनी डीपी से कांग्रेस का मोनो (चुनाव चिन्ह पंजा और झंडा) हटा दिया। अचानक ही क्षेत्र में यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई कि रामनिवास रावत 25 अप्रैल को मुरैना में आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। हालांकि रामनिवास रावत से इस मामले में फिलहाल कोई बात नहीं हो पाई हैं, लेकिन उनके समर्थक सोशल मीडिया पर खुले आम लिख रहे हैं कि "जहां बॉस वहां हम" उधर सिंधिया समर्थक भाजपाई रामनिवास रावत के कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने की बात तो मान रहे हैं लेकिन उनके इस क़दम का स्वागत करने के बजाए सोशल मीडिया पर विरोध करते ही दिखाई पड़ रहे हैं।

Ramniwas Rawat
78K followers • 9 following
6th Term MLA Vijaypur MP. Former Minister Govt of MP.

तो क्या कांग्रेस विहीन हो जाएगा विजयपुर

विजयपुर से छह बार चुनाव जीत चुके रामनिवास रावत विजयपुर में कांग्रेस के लिए ऐसा चेहरा है जिनके ना तो आगे कोई कांग्रेसी दिखाई देता है ना ही पीछे यानी कांग्रेस के नाम पर सिर्फ रामनिवास रावत ही विजयपुर में नेता और कार्यकर्ता सब हैं। अगर रामनिवास ने कांग्रेस छोड़ी तो विजयपुर विधानसभा सीट का कांग्रेस विहीन होने का खतरा तो मंडरा ही जाएगा, श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में भी रामनिवास रावत का काफी दखल है, उनके बीजेपी में जाने से यहां से भी कार्यकर्ता कांग्रेस से बीजेपी में कूच करने की तैयारी में लग गए हैं।

नरेंद्र तोमर का चुनावी समर में मास्टर स्ट्रोक

रामनिवास रावत के कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने की अटकलों के पीछे एकमात्र कारण पूर्व केंद्रीय मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को माना जा रहा है। ज्ञात हो कि मुरैना लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार शिवमंगल सिंह तोमर को नरेंद्र सिंह तोमर के कहने पर ही बीजेपी ने लोकसभा चुनाव का टिकट दिया है। हाल ही में शिवमंगल सिंह कमजोर प्रत्याशी साबित हो रहे थे इस कमजोरी को दूर करने के लिए रामनिवास जैसे नेता को कांग्रेस से बीजेपी में लाकर नरेंद्र सिंह तोमर ने मास्टर स्ट्रोक शॉट खेला है। देखते हैं यह मास्टर स्ट्रोक शिवमंगल सिंह को चुनाव जिता पाता है या नहीं।

वैसे तो विधानसभा चुनाव के समय से ही रामनिवास रावत के बीजेपी में शामिल होने की अफवाह चलती रही हैं, इससे पहले पंचायत और नगर निकाय चुनाव में भी उनके बारे में इसी तरह के दावे किए जाते रहे लेकिन वह समय-समय पर अपनी निष्ठा कांग्रेस के प्रति प्रदर्शित कर अफवाहों को झुठलाते रहे लेकिन कहावत है कि "जहां आग होती है वही धुआं भी उठता है" यह कहावत अब चरितार्थ होती दिखाई पड़ रही है। जहां जिले के शीर्षतम कांग्रेस नेता 6 बार के विधायक, दो बार मंत्री रह चुके रामनिवास रावत का बीजेपी में शामिल होना लगभग तय माना जा रहा है। उधर उनके समर्थक उनके भाजपा में शामिल होने की बात स्वीकारते हुए कह रहे हैं कि वह अकेले नहीं हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के सदस्य लेंगे अगर ऐसा हुआ तो ठीक चुनाव के बीच कांग्रेस के लिए यह निर्णय किसी झटके से काम नहीं होगा। ऐसे ही उनके एक कट्टर समर्थक कार्यकर्ता आमिर खान शिवलालपुरा से जब चर्चा की तो उन्होंने कहा कि सुना तो मैंने भी है पर अभी क्लियर नहीं है अगर भाई साहब बीजेपी में शामिल होंगे तो हम सब भी कांग्रेस से इस्तीफा देकर उनके साथ भाजपा में ही

मानपुर थाने के गांव क्यारपुरा का मामला, एफआईआर दर्ज

घर के सामने से भैंस ले जाने की मना करने पर भड़का युवक,महिलाओं को डंडे से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

घर के सामने से भैसे ले जाने की बात पर भडके युवक ने आदिवासी महिलाओं की जातीय अपमान करते हुए डंडो से मारपीट कर दी। जिससे सास बहू समेत चार महिलाए जख्मी हो गई। मारपीट करने के बाद आरोपी युवक मौके से भाग गया। यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम क्यारपुरा का है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम क्यारपुरा निवासी रमेश मीणा पुत्र प्रहलाद मीणा अपनी भैसों को लेकर फरियादी पक्ष के घर के सामने से होकर लेकर जाता है। गुरूवार को रमेश की भैस फरियादी पक्ष के बच्चों के बीच चली गई। इस पर फरियादी पक्ष ने कहा कि तुम्हारी भैसे किसी दिन हमारे बच्चों को

सींगों से मार देगी,इसलिए तुम अपनी भैसों को हमारे घर के सामने से होकर मत ले जाया करो। इसी बात पर रमेश मीणा इतना भडक उठा कि जातीय अपमान और उसने गाली गलौच करते हुए फरियादी महिला रामनाथी बाई आदिवासी और उसकी बेटी लक्ष्मी और दो बहूओं की डंडे से मारपीट कर दी। जिससे ये चारो महिलाएं जख्मी हो गई। जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। मानपुर टीआई गोपाल सिंह सिकरवार ने बताया कि इस मामले में रामनाथी आदिवासी पत्नी रामलाल आदिवासी की रिपोर्ट रमेश मीणा के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

पांडोला से किशोरी लापता, अपहरण का अंदेशा

बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पांडोला से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों के बीच लापता हो गई। परिवार के लोगों ने किशोरी के अपहरण किए जाने का अंदेशा जाहिर करते हुए बडौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि पांडोला निवासी रामअवतार सुमन की नाबालिग बेटी बीती शाम को अचानक घर से लापता हो गई। जिसका काफी खोजबीन के बाद भी कोई अता पता नहीं है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए बडौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है।

अप्रैल मई में एक माह तक नगर पालिका द्वारा लगाया जाता है मेला

चुनावी आचार संहिता की भेंट चढ़ा हजारेश्वर मेला या अरुचि बनी कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

हर साल अप्रैल और मई माह में लगाए जाने वाला श्री हजारेश्वर महादेव मेला इस बार लगेगा या नहीं कोई बताने वाला तक नहीं है। मेला लगने की ना तो सुगबुगाहट है ना ही इसकी जानकारी किसी भी स्त्रोत से मिल पा रही है। वैसे तो परिषद के जिम्मेदार आचार संहिता का हवाला देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं लेकिन याद रखने वाली बात यह भी है कि विधानसभा आचार संहिता के दौरान जहां जनपद पंचायत श्योपुर द्वारा रामेश्वर धाम का मेला आयोजित किया जा चुका है और वर्तमान में पनवाडा वाली माता का मेला जनपद पंचायत कराहल द्वारा लोक सभा चुनाव की आचार संहिता के बीच ही आयोजित किया जा रहा है, तो फिर श्री हजारेश्वर मेला के संचालन में आचार संहिता बाधा कैसे बन सकती है। ऐसा तो नहीं कि नगर पालिका परिषद इस मेला लगाने में विगत वर्ष हुई मेला ठेका को लेकर बदनामी से छुटकारा पाना चाहती हो।

अंचल के ग्वालियर, शिवपुरी और श्योपुर में व्यापारिक धार्मिक मेला राजा महाराजाओं के जमाने से आयोजित किया जाता रहा है। पहले मेला ग्वालियर में आयोजित होता है उसके बाद मेला शिवपुरी में श्री सिद्धेश्वर महादेव मेला के नाम से लगाया जाता है, फिर श्योपुर में श्री हजारेश्वर महादेव के नाम से मेला आयोजित किया जाता है। एक माह तक आयोजित होने वाले इस मेले में देश भर के दुकानदार अपनी दुकान लेकर पहुंचते हैं सैलानियों के मनोरंजन के सभी साधन नगर



विगत वर्ष हुई थी टेंडर को लेकर बदनामी

श्री हजारेश्वर मेला में ठेकेदार के टेंडर को लेकर हमेशा विवाद होता रहा है इस मेले में ठेके के नाम पर पार्षदों को अच्छा चढ़ावा दिलाया जाने की व्यवस्था परिषदों की ओर से की जाती रही है। इसी की बानगी विगत वर्ष देखने को मिल, जहां विपक्षी पार्षदों ने टेंडर प्रक्रिया का विरोध कर दिया जिसके चलते कलेक्टर ने ऑफलाइन टेंडर को निरस्त कर ऑनलाइन आमंत्रित करने के निर्देश दिए इसके बाद जो ठेका हजारों में हुआ था वह लाखों में पहुंच गया। इससे परिषद की आए तो बहुत हो गई लेकिन इसमें भी जिस ठेकेदार का टेंडर की दर सबसे अधिक थी उसको अयोग्य घोषित कर कम दर वाले को टेंडर दे देने का आरोप लगा। ऐसे ही आरोप से बचने के लिए शायद नगर पालिका परिषद के कर्ताधर्ता मेला संचालन से बचते दिख रहे हैं।

आचार संहिता में भी लगते रहे हैं मेले

नगर पालिका परिषद के पदाधिकारी जिस आचार संहिता का हवाला देकर मेला नहीं लगने का कारण बता रहे हैं वह गले नहीं उतर रहा है दरअसल इससे पहले भी आचार संहिता के दौरान जिले में रामेश्वर मेले, सोरती मेले, छिमछिमा मेला आयोजित किए गए लेकिन इन मेलों का संचालन जनप्रतिनिधियों के बजाय प्रशासन द्वारा किया जाता रहा है। इसी तरज पर श्री हजारेश्वर महादेव मेला का संचालन भी प्रशासन द्वारा किया जा सकता था लेकिन इसके लिए पहल नगर पालिका परिषद को करनी थी, जो यह जानकारी कलेक्टर के पास तक पहुंचाती और उसके बाद कलेक्टर एक प्रशासनिक समिति बनाकर मेले का संचालन कराते। पर "हम नहीं तो कोई नहीं" की तर्ज पर चलने वाली नगर पालिका परिषद में ना तो मेले की जानकारी प्रशासन को दी और ना ही खुद की ओर से कोई पहल की गई।

नगर पालिका परिषद समिति गठित करती है। लेकिन इस बार श्री हजारेश्वर महादेव मेला लगाने को लेकर न तो कोई विचार विमर्श हुआ न ही परिषद् की बैठक आहूत की गई। आचार संहिता लगने से मेले के लगने ना लगने पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है।

इनका कहना

इस समय लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगी है इसलिए परिषद मेले का संचालन नहीं कर सकती है।
सतीश मटसेनिया
सीएमओ श्योपुर

राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रामभरत मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत जैनी के सरपंच रामभरत मीणा राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बन गए है। उनकी यह नियुक्ति राष्ट्रीय सरपंच संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम पलसानिया के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर के द्वारा की गई है। नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रामभरत मीणा ने अपने इस मनोनयन पर वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि वे उनके द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी

निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेगे। सरपंच रामभरत मीणा के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

गेहूं उपार्जन के बैग में लगने वाले टैग पर कृषक संख्या भी दर्ज करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर जिले में संचालित गेहूं खरीदी कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये कि गेहूं उपार्जन के बैग में लगायें जाने वाले टैग पर समितियों द्वारा कृषक संख्या भी अनिवार्य रूप से दर्ज की जायें। उन्होने कहा कि समस्त समिति प्रबंधक केन्द्र पर पूरे समय उपलब्ध रहेगे तथा उपार्जन कार्य के समस्त घटको एवं एजेंसियो के बीच समन्वय का कार्य करेंगे। इस अवसर पर आयोजित बैठक में डिप्टी कलेक्टर वायएस तोमर, उप

संचालक कृषि पी गुजरे, एआरसीएस धुरव कुमार झारिया, फूड आफिसर सुनील शर्मा, वेयरहाउस प्रबंधक विजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड ने निर्देश दिये कि उपार्जन केन्द्र पर कार्यरत कम्प्युटर ऑपरेटर कम्प्युटर चलाने का ही कार्य करेंगे, उपार्जन केन्द्र की अन्य व्यवस्थाएं आदि का कार्य समिति प्रबंधक द्वारा संपादित कराये जाये। उर्पाजित किये गये गेहूं की उसी दिन बैग में भरकर सिलाई एवं स्टेकिंग की जायें तथा तुरंत ही खरीदे गये गेहूं को परिवहन के लिए भेजना सुनिश्चित करें। उपार्जन केन्द्र में भारतीय खाद्य निगम द्वारा स्वीकृत किया गया लॉट ही एफसीआई के भण्डारण केन्द्र को भेजा जायें। उन्होने कहा कि निर्देशो का पालन न किये जाने पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम 2011 के प्रावधानो के अनुरूप अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

तीन तहसीलों में नलकूप खनन पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी लोकेश कुमार जांगिड़ ने पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत आमजन को पेयजल की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए तहसील कराहल, वीरपुर एवं विजयपुर को 15 जुलाई 2024 तक की अवधि के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। जिसके चलते इन तहसीलों के क्षेत्र में नवीन नलकूपों के खनन पर रोक रहेगी साथ ही जल स्त्रोतों का उपयोग पेयजल के लिए ही किया जा सकेगा।

जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना अनुज्ञा के जल अभावग्रस्त क्षेत्र में किसी भी जल स्त्रोत से घरेलू प्रयोजन को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजन के लिये किन्ही भी साधनों के द्वारा जल नही लेगा। कोई भी व्यक्ति अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुज्ञा के बिना जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र में किसी भी प्रयोजन के लिए नलकूप नही खोदेंगे। पेयजल परिक्षण अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन किये जाने पर 02 वर्ष के कारावास के दण्डनीय होगा।

खानून पीर का उर्स आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रसिद्ध सूफी संत हजरत खानून पीर रहमतुल्लाह अलेह का सालाना उर्स मुबारक शनिवार और रविवार को आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी दरगाह के सज्जादा नशी बाबा इदरीश ने देते हुए अकीदत मंदो से उर्स में शामिल होने की अपील की है। ग्राम पंचायत मयापुरा में गुप्तेश्वर मंदिर के आगे जंगल में स्थित हजरत खानून पीर का सालाना उर्स शनिवार को चादरपोशी के साथ होगा। हर साल की तरह इस साल भी दरगाह मदार शाह करबला रोड से पवित्र चादर रवाना होगी जो मेंन बाजार किला बस्ती में होते हुए दरगाह पर पहुंचेगी, जहां फातिहा खानी के बाद चादरपोशी होगी, इस रात महफिले मिलाद शरीफ नातिया मुशायरा आयोजित किया जाएगा। रविवार को लंगर तकसीम की रसम अदा की जाएगी।

नाके पर एक लाख रुपए जब्त

श्योपुर। जलालपुरा चैकिंग नाके पर लगी एसएसटी टीम ने बीती शाम को चैकिंग के दौरान बाइक सवार युवक के कब्जे से एक लाख रूपए जब्त किए है। नायब तहसीलदार केके शर्मा और एएसआई धर्मेन्द्र मीणा की अगुवाई में एसएसटी टीम गुरूवार की शाम को जब नाके पर वाहनों की चैकिंग कर रही थी,तभी वहां से रामकेश पुत्र रतनलाल गुर्जर निवासी सूंडी बाइक पर सवार होकर गुजरा, जिसे चैक किया तो उसकी जेब से एक लाख रूपए मिले। हालांकि उसने इन रूपयों को मंडी में फसल बेचकर लाने और खातौली में किसी को लौटने की बात बताई है,लेकिन इस संबंध में वह कोई दस्तावेज मौके पर दिखा नहीं सका, जिसकारण उसके एक लाख रूपए को जब्त कर लिया गया।

मकडावदा और उतनवाड स्कूल का 11 वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत

दांतरदा स्कूल का बिगडा नौंवी का रिजल्ट सिर्फ 16.33 प्रतिशत छात्र-छात्राएं ही पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर ब्लॉक के शासकीय हाईस्कूल और हायरसेकंडरी स्कूलों का कक्षा नौवी और 11 वीं के रिजल्ट की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर की फटकार के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच गई है। श्योपुर ब्लॉक के सरकारी स्कूलों का 11 वीं का रिजल्ट जहां 84 प्रतिशत के आसपास रहा है। वहीं कक्षा नौवी का रिजल्ट 57.38 प्रतिशत रहा है। श्योपुर ब्लॉक में कक्षा नौंवी का सबसे खराब परीक्षा परिणाम शासकीय उमावि दांतरदा का रहा है। इस स्कूल के सिर्फ 16.33 प्रतिशत विद्यार्थी ही परीक्षा में पास हो सके है। लेकिन दांतरदा स्कूल का कक्षा 11 वीं का रिजल्ट 97.62 प्रतिशत रहा है। जबकि शासकीय उमावि मकडावदा और उतनवाडा का कक्षा 11 वीं का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है।

बता दें कि कक्षा नौंवी और 11 वीं का रिजल्ट तैयार करके उसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने में इस बार कराहल और विजयपुर ब्लॉक का शिक्षा विभाग आगे रहा है। जबकि श्योपुर ब्लॉक का शिक्षा अमला

श्योपुर ब्लॉक का शिक्षा महकमा अभी रिजल्ट की जानकारी तैयार करने में ही उलझा

कक्षा 9 वीं और 11 वीं का रिजल्ट तैयार करने में कराहल और विजयपुर अव्वल, श्योपुर फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कक्षा नौंवी और 11 वीं की वार्षिक परीक्षाओं का रिजल्ट स्कूल चार पोंपिया हो गया है। रिजल्ट तैयार कर इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने में विजयपुर और कराहल ब्लॉक का शिक्षा महकमा अव्वल रहा है। जबकि श्योपुर ब्लॉक का अमला फिसड्डी साबित हो रहा है। श्योपुर ब्लॉक के जिम्मेदार अभी रिजल्ट की जानकारी तैयारी करने में इनमें उलझे हुए है कि वे इसकी जानकारी कई बार मांगी जाने के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेज नहीं पाए है। इसी लेटलतीफी के कारण शिक्षा विभाग के जिला अधिकारी अभी जिले के वार्षिक परीक्षा परिणाम

इन स्कूलों का बेहतर रहा परीक्षा परिणाम

कराहल से बेहतर रहा विजयपुर ब्लॉक का रिजल्ट

इनका कहना

फिसड्डी रहा है। इस मामले को लेकर हरिभूमि के द्वारा एक खबर प्रकाशित की गई थी। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी रविन्द्र सिंह तोमर ने श्योपुर ब्लॉक के संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए रिजल्ट की जानकारी तत्काल भेजने के निर्देश दिए थे। डीईओ की फटकार के बाद शासकीय उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर से कक्षा नौंवी और 11 वीं के रिजल्ट की जानकारी तैयार होकर डीईओ कार्यालय पहुंच गई।

नाम के अनुरूप नहीं रहा रिजल्ट

यूं तो सीएम राइज स्कूल श्योपुर और शासकी उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर की गिनती जिले के बडे सरकारी स्कूलों में होती है,लेकिन दोनों की स्कूलों का नौंवी और 11 वीं का रिजल्ट इनके नाम के अनुरूप नहीं रहा है। बताया गया है कि कक्षा 11 वीं के रिजल्ट की बात करे तो सीएम राइज स्कूल का रिजल्ट 73.77 प्रतिशत और उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर का रिजल्ट 76.27 प्रतिशत रहा है। लेकिन इनसे छोटे स्कूलों में गिने जाने वाले मकडावदा और उतनवाड स्कूल का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। जबकि पांडोला का 89.55 प्रतिशत, सोंईकलां का 95.18 प्रतिशत, बडौदा का 94.77 प्रतिशत, प्रेमसर का 96.61 प्रतिशत, मानपुर का 95.58 प्रतिशत रहा है। बात कक्षा नौंवी के रिजल्ट की करें तो सीएम राइज स्कूल का रिजल्ट 74.42 प्रतिशत और उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर का रिजल्ट 64.96 प्रतिशत रहा है। जबकि इनसे अच्छा रिजल्ट ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों का रहा है। इनमें शासकीय हाईस्कूल जावदेश्वर का 80.56 प्रतिशत, जैनी का 79.35 प्रतिशत,जानपुरा का 83.33 प्रतिशत,मेवाडा का 88.90 प्रतिशत रिजल्ट शामिल है।

मंगल को जन्मे प्रभु की आराधना में मंगलवार को लीन रहेगी शिव की नगरी

चार शुभ संयोगों के बीच मनेगा बजरंगबली का जन्मोत्सव, होंगे कई कार्यक्रम, झंडा भी चढेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रामभक्त पवनपुत्र हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव 23 अप्रैल को शहर श्योपुर सहित जिलेभर में पूरी आस्था और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर सहित जिलेभर में विविध आयोजन होंगे। वहीं जाटखेडा हनुमान मंदिर पर पैदल यात्रा निकालकर झंडा भी चढाया जाएगा। पौराणिक मान्यतानुसार हनुमानजी का जन्म मंगलवार को हुआ था और इस बार मंगलवार को ही उनका जन्मोत्सव आ रहा है, जो विशेष महत्वपूर्ण है। यही नहीं, इस दिन चार विशेष शुभ संयोग भी बन रहे है। विद्वानों का कहना है कि इन शुभयोगों में पूजन दोगुना फलदायक होगा।

यह है पवनसुत हनुमानजी का पूजन करने का मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 23 अप्रेल को अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.53 बजे से दोपहर 12.46 बजे तक है। सुबह 9.03 बजे से 10.41 बजे के बीच भी पूजा का मुहूर्त है। इस दिन लाभ और उन्नति के लिए शुभ समय सुबह 10.41 बजे से दोपहर 12.20 बजे तक है। इसके अलावा अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त दोपहर 12.20 बजे से 01.58 बजे तक है।

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि इस दिन चित्रा नक्षत्र में सिद्ध योग का शुभ संयोग बन रहा है। साथ ही मीन राशि में ग्रहों के संयोग से पंचग्रही योग बनेगा। मेष राशि में बुधादित्य राजयोग व कुंभ राशि में शनिदेव शश राजयोग बनाएंगे। हनुमान जयंती पर भद्रावास योग का निर्माण भी हो रहा है। यह योग सूर्योदय से शाम 04.25 बजे तक रहेगा। इस दौरान भद्रा पाताल में रहेंगी।

गाजे-बाजे के साथ निकलेगी पैदल यात्रा, जाटखेडा हनुमान मंदिर पर चढेगा झंडा

बजरंग बली के जन्मोत्सव पर शहर श्योपुर से एक पैदल यात्रा भी निकाली जाएगी। पैदल यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होगे। गाजेबाजे के साथ पैदल यात्री जाटखेडा हनुमान मंदिर पर पहुंचकर झंडा चढाएंगे। इस पैदल यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। पैदल यात्रा के संयोजक महावीर मीणा ने बताया कि पिछले 8 वर्षो से बजरंगबली के जन्मोत्सव पैदल यात्रा निकालकर जाटखेडा हनुमान मंदिर पर झंडा चढाया जा रहा है। इसी क्रम में इस साल 23 अप्रैल मंगलवार को यह पैदल यात्रा शहर के टोडी बाजार स्थित श्री गणेश मंदिर से सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी। विधिवत ध्वज पूजन के साथ रवाना होने वाली यह पैदल शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरेगी। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्री के रूप में शामिल होगे। गाजेबाजे के साथ यह पैदल शहर के पाली रोड, सलापुरा होते हुए जाटखेडा हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी। जहां मंदिर के महंत लखनदास त्यागी जी महाराज के सानिध्य में विधिवत पूजन के साथ मंदिर पर झंडा चढाकर पैदल यात्रा का समापन किया जाएगा और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

खबर संक्षेप

लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित की गई

अशोकनगर। म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को ए0डी0आर0 सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर में सचिव, रश्मि मिश्रा की उपस्थिति में विद्युत विभाग एवं बैंक के अधिकारीगण के साथ 11 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में विद्युत विभाग एवं बैंक के प्री-लिटिगेशन प्रकरण अधिक संख्या में रखे जाने व निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही विद्युत विभाग एवं बैंक के अधिकारीगण से लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए

अशोकनगर। जिले मे अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले की मुगावली थाने के अंतर्गत ग्राम सोनाखेडी निवासी जस्सू अहिरवार के पास से पुलिस ने 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कचनार थाने की पुलिस ने रेहटाई चक्क निवासी कैलाश कुशवाह के पास से पुलिस ने 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। नईसराय पुलिस ने हरिप्रसाद जाटव निवासी पोरूखेडी के पास से पुलिस ने 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

जहरीली दवा का सेवन करने से मौत

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम नडेरी निवासी कमलेश आदिवासी द्वारा खेत मे जहरीली दवा का छिडकाव किया गया था। उन्ही हाथो से खाने पीने के सामान का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

ट्रैक्टर ने टैक्सी में टक्कर मारी

अशोकनगर। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत बहेरिया निवासी नरेश चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भारत माता स्कूल के पास लाल रंग के टैक्टर चालक शिशुपाल लोधी ने अपने टैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी टैक्सी मे पीछे से टक्कर मार दी।

जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इटवा निवासी रामदेवी अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रिंकू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना मे घायल महिला रामदेवी का कहना है कि हमने हमारी फसल थ्रेरसर से निकलवाई थी। जिसके 200 रूपए रिंकू अहिरवार को देना शेष रह गए थे। जिसके बाद रिंकू उसकी मॉ और पिता पप्पू ने उससे लोहे की रॉड से मारपीट की।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कालोनी निवासी राहुल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी घनष्याम और षिवराज ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरौला निवासी हल्के अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी बनवारी अहिरवार और बारेलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मक्तनखेडी निवासी मिटठू सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रावसर जागीर निवासी रामेष्वर जाटव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी लाखन,रामरतन,नंदकिषोर ने उससे व उसके परिवारजनो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

प्रशासन गंभीर, कलेक्टर और सीएमएचओ ने दिए निर्देश, अब महिला डाक्टरों पर होगी सख्ती

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन ने महिला के पेट में शिशु की मौत के मामले में जांच कमेटी गठित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

एक दिन पहले जिला अस्पताल अशोकनगर मे प्रसुति के लिए आई एक महिला के गर्भ मे शिशु की मौत हो जाने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर और सीएमएचओ के निर्देश पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन द्वारा एक जांच कमेटी गठित की गई है। 1 मई से जिला अस्पताल मे महिला चिकित्सको की ड्युटी भी 8 -8 घंटे की जा रही है। जिसमे उन्हे पूरे समय ड्युटी के दौरान अस्पताल मे ही उपस्थित रहना पडेगा।

जिला अस्पताल अशोकनगर मे एक दिन पहले अचलगढ निवासी अंकित शर्मा अपनी अपनी पत्नि इंदु शर्मा को दूसरी प्रसुति को लेकर आए थे। रात 10 बजे के बाद से एक भी महिला चिकित्सक ड्युटी के बाद भी अस्पताल मे नही आई प्रसुतिका तडपती रही और परिवारजन परेशान होते रहे। उक्त मामले मे कई लापरवाहिया सामने आई है। जिसके चलते महिला के गर्भ मे ही इस सांसरिक दुनिया मे आने से पहले शिशु की मौत हो गई।

6 सदस्यीय दल करेगा सात दिन में मामले की जांच

प्रसुतिका के गर्भ मे शिशु की मौत के मामले मे जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एस एस छारी द्वारा उक्त मामले की जांच को लेकर एक दल गठित किया गया है। जिसमे जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ बीएल टैगोर, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष रघुवंशी,डॉ सजीव निश्चेतना विशेषज्ञ , डॉ नीलम धुरवे स्त्री रोग विशेषज्ञ ,जिला अस्पताल के प्रभारी प्रबंधक डॉ जयकृत सिंह और प्रभारी लिपिक पंकज जैन को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी सात दिवस के अंदर अपनी जाच प्रस्तुत करेगी। इस जाच का प्रतिवेदन सिविल सर्जन द्वारा कलेक्टर और सीएमएचओ को भेजा जाएगा। उसके बाद कार्यवाही दोषियो पर तय होगी।

जिला अस्पताल के बाहर के लोग कर रहे है हस्तक्षेप

इस पूरे मामले को लेकर सिविल सर्जन का कहना है कि जिला अस्पताल के अंदर बाहर के लोग हस्तक्षेप कर रहे है वह नही चाहते कि व्यवस्था ठीक ढंग से चले। आचार संहिता मे भी जनप्रतिनिधियो द्वारा अडंगा लगाया जा रहा है। आचार संहिता से पहले भी अडंगा लगाया जाता था। बाहरी लोगो के हस्तक्षेप के कारण व्यवस्थाए बिगड रही है। हमारे द्वारा पूरे अस्पताल की व्यवस्थाओ को बदलने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबध मे हमने निर्णय लिया है कि एक मई से व्यवस्थाओ मे परिवर्तन किया जाएगा। जिला अस्पताल के 5 महिला रोग विशेषज्ञ है जिनमे 3 स्थायी है और 2 एनएचएम से कार्य कर रही है।

आपरेशन कर बच्चे को बाहर निकाला गया। महिला का जिला अस्पताल मे उपचार जारी है। जिसके बाद महिला के परिवारजनो ने अशोकनगर के कलेक्टर का दरबाजा खटखटाया था। जिसके बाद एसडीएम अनिल बनवरिया द्वारा उक्त मामले मे जाच का आश्वासन दिया गया था।

1 मई से आठ आठ घंटे ड्युटी देगी महिला चिकित्सक

सिविल सर्जन का कहना है कि जिला अस्पताल मे व्यवस्थाए डॉ एमएल अग्रवाल के समय से चली आ रही है। उस समय महिला डॉक्टर 5-5 घंटे की ड्युटी करती थी। लेकिन 1 मई से तीनो महिला चिकित्सक 8-8 घंटे की ड्युटी देगी और पूरे समय ड्युटी के दौरान जिला अस्पताल मे रही है। जिसके सुबह 8 से 2 , दोपहर 2 से 8 और रात्रि मे 8 से सुबह 8 बजे तक ड्युटी देगी। ताकि किसी भी समय आने वाली कोई भी महिला प्रसुतिका को परेशानियो का सामना करना न पडे।

डॉ. रजनी छारी की सेवाएं जिला अस्पताल में देने की मांग

जिला अस्पताल की वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रजनी छारी जब तक जिला अस्पताल मे पदस्थ रही तब तक उनके कार्यकाल मे इस तरह की शिकायते नही आती थी। लेकिन उन्हे पदोन्नत कर जिला स्वास्थ्य विभाग मे परिवार कल्याण की जिम्मेदारी सोप दी गई है। जबकि यह कार्य तो और भी डॉक्टर कर सकते है। लेकिन महिलाओ और शहर के हित मे डॉ रजनी छारी का जिला अस्पताल मे होना आवश्यक है ताकि महिलाओ को इस तरह की समस्याओ का सामना न करना पडे और उन्हे एक वरिष्ठ महिला चिकित्सक के चिकित्सा ज्ञान का लाभ मिल सके।

आचार्य श्री के पदारोहण दिवस पर रंगोली सजाकर दीप जलाए

अशोकनगर। दिगम्बर जैन दर्शन के महामुनिराज आचार्य श्री विघासागर जी महाराज के समाधिस्थ होने के बाद जैन दर्शन की सिद्व भूमि कुण्डलपुर मे आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के पदारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को दिगम्बर जैन महिला परिषद राजुल संभाग द्वारा विविध कार्यक्रमो के साथ मनाया गया और कहा गया कि आचार्य समयसागर जी महाराज देश भर की जैन समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगे। इस मौके पर अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद्

राजुल संभाग द्वितीय शाखा अशोकनगर के सदस्यों द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आदेशानुसार सिद्धक्षैत्र श्री कुण्डलपुर जी में 108 श्री समय सागर जी महाराज जी को आचार्य पदारोहण द्वारा आचार्य श्री समय सागर जी महाराज उपाधि से विभूषित होने पर अपने अपने घर आंगन में रांगोली बनाकर एवं खुशियों के दीप जलाकर इस महाउत्सव को अपने महा पुण्य के उदय से बड़े ही भक्ति भाव एवं हर्ष , आनंद पूर्वक मनाया।

नशे के शौकीन युवक की नाले में लगे बिस्तर पर मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कमालगंज सब्जी मंडी के पीछे नाले में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। बताया जा रहा है कि युवक नशे का शौकीन था। नाले में जिस जगह युवक का शव मिला उस जगह उक्त युवक का बिस्तर वहीं पर था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है की युवक की मौत नशे के ओवरडोज या फिर किसी जहरीले जीव के काटने से हुई है। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मृतक की पहचान 30 साल के सुरेश माहौर पुत्र माखनलाल माहौर के रूप में की है। जो किकमलागंज घोसीपुरा के कोलियों के मंदिर के पास का रहने वाला है। सुरेश माहौर नशे

का शौकीन बताया गया है। नशे के शौक के चलते सुरेश की शादी भी नहीं हुई थी। सुरेश नशा करने के बाद अक्सर बिस्तर लगाकर नाले के किनारे आराम करता हुआ पहले भी देखा गया है। सूचना के बाद अस्पताल पहुंची सुरेश माहौर की बहन ने बताया कि सुरेश ने बीती शाम शराब पी ली थी। इसके बाद वह घर से झगड़ा कर निकल गया था। आज सुबह सुरेश के मौत की खबर मिली थी। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।

कलेक्टर ने आठ अपराधियों को किया जिलाबदर

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा जिले में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न अपराधों में लिप्त आठ अपराधियों को जिला बदर किये जाने संबंधी आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशानुसार इंद्रजीत पुत्र कल्याण ऊर्फ लालू प्रसाद उम्र 26 साल निवासी ढोंगावरी थाना पिपरई के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 11 प्रकरण दर्ज होने पर, रामसिंह पुत्र रघुवीर सिंह यादव उम्र 33 साल निवासी ग्राम अस्पतखेडी थाना सेहराई के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 10 प्रकरण दर्ज होने पर, देवेन्द्र पुत्र रघुवीर सिंह यादव उम्र 37 साल निवासी राजतला थाना देहात अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 13 प्रकरण दर्ज होने पर, गोलू पुत्र राकेश केवट उम्र 24 साल निवासी मंदसौर मिल थाना कोतवाली अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 07 प्रकरण दर्ज होने पर, गोलू ऊर्फ रवि पुत्र माधौ मीना उम्र 24 साल निवासी मंदसौर मिल थाना कोतवाली अशोकनगर के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 16 प्रकरण दर्ज होने पर, आसिम खान पुत्र सफीक खान उम्र 23 साल निवासी ग्राम रामनगर थाना चंदेरी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 08 प्रकरण दर्ज होने पर, नन्नेराव ऊर्फ राव साहब पुत्र भैयालाल परमार उम्र 40 साल निवासी ग्राम बामौरहुर्रा राजतला थाना चंदेरी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 08 प्रकरण दर्ज होने पर, कल्ला ऊर्फ दिनेश पुत्र झूलन अहिरवार उम्र 19 साल निवासी ग्राम रतवास थाना पिपरई के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 07 प्रकरण दर्ज होने पर एक- एक वर्ष की कालावधि के लिए जिला बदर किये जाने संबंधी आदेश जारी किये गए है। अनावेदकगण जिला बदर की अवधि में अशोकनगर जिले से लगे हुए समीपवर्ती जिला गुना,शिवपुरी,विदिशा एवं सागर की भौगौलिक सीमाओं से निष्कासित करने एवं बिना किसी विधि संगत एवं सक्षम आदेश अनुमति के अशोकनगर जिले की सीमाओं के अंदर प्रवेश नही कर सकेगें।

राव यादवेंद्र सिंह यादव ने किया नामांकन दाखिल, जीतू पटवारी हुए शामिल

शिवपुरी। गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार राव यादवेंद्र सिंह यादव ने पहले शुभ मुहूर्त के चलते गुरुवार को नामांकन दाखिल किया। इसके बाद आज एक बार फिर से यानी शुक्रवार को आखरी दिन अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने सुबह टेकरी सरकार हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की साथ ही उन्होने ने गुना से शिवपुरी तक रोड शो भी किया। इस दौरान उनके साथ पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी, जयवर्धन सिंह, अरुण यादव और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। राव यादवेंद्र सिंह यादव गुना से अपने समर्थकों के साथ रैली के रूप में कार से शिवपुरी पंहुचे। वह म्याना, बदरवास, लुकवासा, कोलारस होते हुए शिवपुरी के झांसी तिराहा पहुचे। यहां से उन्होने पैदल रोड शो किया और झांसी तिराहा, गुरुद्वारा चौक, होते हुए माधव चौक, पहुंचे जहां

यादवेंद्र सिंह यादव ने पहले शुभ मुहूर्त में गुरुवार को, और फिर शुक्रवार को किया नामांकन दाखिल

सभा को संबोधित किया। इसके बाद कोर्ट रोड होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी की लिस्ट में देवेंद्र यादव सहित दो के द्वारा इंडियन नेशनल कांग्रेस से अपना फार्म भरा गया है। अब तक गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से 10 उम्मीदवारों के द्वारा अपना नामांकन फार्म भरा गया है।

यादवेंद्र की कुल चल संपत्ति 6.57 लाख रुपये व पत्नी की 34.60 लाख रु. है।

कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह के पास कैश 2 लाख रुपए व पत्नी अल्का सिंह के पास 2 लाख रुप है। यादवेंद्र 5 बैंक खातों में 1.17 लाख व पत्नी के खाते में 93 हजार रु. हैं। यादवेंद्र के पास 12 बोर राइफल (50 हजार रु.) व 315 बोर राइफल (50 हजार रु.) और 2.40 लाख का 40 ग्राम सोना है। पत्नी के पास भी 315 बोर राइफल (50 हजार रु.), 30 लाख रु. का आधा किलो सोना, 1.20 लाख रु. कीमत की चांदी है। यादवेंद्र की कुल चल संपत्ति 6.57 लाख रुपये व पत्नी की 34.60 लाख रु. है। यादवेंद्र की अचल संपत्ति कुल 1.29 करोड़ रु. व पत्नी की कुल 21 लाख की है। यादवेंद्र की स्वयं की अमरौदी, चुगलयाई, अखाई दान, गोपीपुर, काछी गांव में खेती की 1.09 करोड़ कीमत की कुल 65 बीघा (13.193 हेक्टेयर) जमीन है। चंदेरी में 20 लाख रु. का प्लॉट और पत्नी के नाम पिपरोद व अखाई दान गांव में 21 लाख रु. कीमत की कुल 30 बीघा (6.153 हेक्टेयर) जमीन है। यादवेंद्र सिंह ने दो किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से कुल 30.56 लाख रु. का कर्ज लिया है। इसमें बैंक ऑफ बड़ौदा का 26.68 लाख रु. और पंजाब नेशनल बैंक का 3.87 लाख रु. का केसीसी है। वहीं पत्नी के नाम से भी पीएनबी का 7.73 लाख का केसीसी बना है।

कृषि उपज गल्ला मंडी: हम्माल और व्यापारियों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया

हम्मालों ने की वेयर हाउस की दर पर राशि देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कृषि उपज गल्ला मंडी में मंडी सचिव की मौजूदगी में हम्माल और व्यापारियों के साथ एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक का उद्देश्य यह था कि हम्माल वेयरहाउस की दरों के आधार पर हम्माली की दर की मांग कर रहे थे जबकि व्यापारियों का कहना था जो नियम बना हुआ है उसे नियम के अनुसार हर वर्ष हम्माली की दर में बढ़ोतरी की जाती है। उसी अनुसार राशि बढ़ाई जाए लेकिन उनके बीच कोई सहमति नहीं बनी।

इसके बाद हम्माल यह कहकर बैठक से बाहर आ गए कि यदि तीन दिवस के अंदर उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया तो वह हड़ताल पर जाने का निर्णय लेंगे। अशोकनगर में जो हम्माल काम करते हैं वह दो प्रकार के हम्माल हैं एक वह मंडी में रहकर काम करते हैं और एक वह हम्माल मंडी से बाहर रहकर काम करते हैं जो मंडी से बाहर वेयरहाउस पर और प्रायवेट काम किया जाता है वहां काम करते है। मंडी में काम करने पर जो मंडी प्रशासन द्वारा दरे तय की जाती है उसी दर पर हम्माल काम करते हैं लेकिन यहां मुद्दा इस बात का है कि हम्माल मंडी से बाहर जो वेयरहाउस की दरे हैं पूरी मंडी में लागू करने की मांग कर रहे हैं जिसके कारण यह विवाद की स्थिति बनी है।

मंडी सचिव शिव कुमार शर्मा की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में मंडी निरीक्षक भागीरथ अहिरवार ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जैन ,जिनेश गांधी ,राजेश कक्का आदि व्यापारी उपस्थित थे। इस पूरी बैठक को लेकर मंडी निरीक्षक का कहना है कि हम्माल वेयरहाउस की दरों को लागू करने की मांग कर रहे हैं अभी वर्तमान में परंपरा के अनुसार दरे चली आ रही हैं इस दर से हम्मालों को राशि प्रदान की जाती है इस बैठक में हम्माल संघ के अध्यक्ष बाबूलाल देलवार भी उपस्थित थे । इस बैठक को लेकर व्यापारी अशोक जैन ने बताया कि वर्ष 2000 के अनुसार हर वर्ष महंगाई की को देखते हुए हम्मालो की दरों में वृद्धि की जाती है इस वर्ष 1 अप्रैल 2024 से 4प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

व्यापारियो का कहना था कि वेयर हाउस की दरें अलग है। उन्हे मंडी में लागू करने की मांग हम्माल द्वारा की जा रही है। हम्माल मंडी के अंदर 10 घंटे काम करते हैं जबकि वेयरहाउस और अन्य स्थानों पर हम्माल अपनी मर्जी से किसी भी समय तक काम कर सकते हैं उन्होंने बताया कि इस बैठक में कहीं कोई निर्णय नहीं हो पाया जो शॉर्टेज व्यापारियों ने लगाए है। वहां भी हम्माल काम करते हैं। प्राइवेट ग्रुप से भी हम्माल किसी भी समय तक अपना काम कर सकते हैं लेकिन मंडी की जो व्यवस्था है उसी के अनुसार हम्माली की दर प्रदान की जाती है। इस पर व्यापारी सहमत नहीं है जिसके कारण हम्माल और व्यापारियों के बीच में कोई सहमति नहीं बन पाई। जिसके कारण व्यापारी बैठक से उठकर चले गए और हम्मालयह चेतावनी दे गए अगर तीन दिवस के अंदर इस मांग पर कोई निर्णय नहीं लिया गया तो वह मजबूरन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होगे।

उधर दूसरी ओर अशोकनगर शहर में मंडी से निकलने वाले ट्रैफिक के कारण कई बार यातायात प्रभावित रहा यहां आज भी वही समस्या बनी हुई है की नई मंडी में माल की नीलामी हो रही है और पुरानी मंडी में माल की तौल की जा रही है किसान एक बार नई मंडी में जाता है फिर माल तौल कराने के लिए पुरानी मंडी में आता है। जिसके कारण शहर के रास्तों पर आने जाने वाले के ट्रैक्टरों के कारण जाम लग जाता है। इसी तरह की स्थिति अशोकनगर शहर के कई मार्गों को देखी गई। जब तक मंडी में यह व्यवस्था पूर्ण रूपेण नहीं हो जाती तब तक मंडी में इस व्यवस्था को पूर्ण की तरह रखी जाना चाहिए।